कार्रवाई | मदन महल पहाड़ी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी

# परिवारों ने खुद समेटना शुरू किया अपना आशियाना





**नवभारत,जबलपुर।** मदन महल पहाड़ी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही, हालांकि रविवार को प्रशासन ने बुलडोजर की कार्रवाई फिलहाल रोक दी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद अधिकांश परिवारों को यह स्पष्ट हो गया है कि उन्हें मदन महल पहाड़ी क्षेत्र खाली करना ही होगा। इसी कारण बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से अपना सामान समेटते हुए पर्ची लेकर निर्धारित पुनर्वास स्थलों की ओर रवाना हो रहे हैं। मौके पर नगर निगम, राजस्व विभाग और पुलिस बल लगातार तैनात हैं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और शिफ्टिंग की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके। प्रशासन के कर्मचारी परिवारों को उनके सामान सहित नई जगह तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं।

### तेवर और भदपुरा बस्ती में किया जा रहा पुनर्वास

कार्यवाही के दौरान नगर निगम, राजस्व विभाग और पुलिस बल की टीम मौके पर मौजूद रहकर पहाड़ी पर रहने वाले परिवारों को सुरक्षित रूप से दूसरी जगह शिफ्ट कराने में जुटी रही। प्रशासनिक टीम प्रभावित परिवारों का सामान समेटने से लेकर उसे वाहनों में लोड कर नई जगह तक पहुंचाने में सहयोग कर रही है। जानकारी के अनुसार लोगों के पुनर्वास के लिए तेवर और भदपुरा बस्ती के फेज-1 और फेज-2 में व्यवस्था की गई है, जहां परिवारों को व्यवस्थित तरीके से बसाया जा रहा है।

### 30 निर्माण हटे, 28 परिवार शिफ्ट

एसडीएम अनुराग सिंह से मिली जानकारी के अनुसार पुरवा क्षेत्र से दूसरे दिन भी करीब तीस अवैध निर्माणों को हटाया गया तथा 28 परिवारों को तेवर शिफ्ट किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रशासन के अनुसार मदन महल पहाड़ी पर स्थित राजस्व ग्राम पुरवा क्षेत्र में करीब 715 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से की जा रही है।

## सर्वर ठप होने के कारण किसान हो रहे परेशान

**नवभारत, जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों के पंजीयन कराने की प्रकिया अंतिम दौर में चल रही है। लेकिन विगत एक सप्ताह से सर्वर डाउन होने के कारण किसानों को पंजीयन कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंजीयन से वंचित किसान अब कलेक्ट्रेट में अपना पंजीयन कराने चक्कर काट रहे हैं। शनिवार को भी अवकाश के दिन भी खाद्य शाखा में अधिकारी- कर्मचारी पंजीयन के लिए कार्यालय में मौजूद थे, जहां बड़ी संख्या में किसान पंजीयन कराने पहुंचे थे, लेकिन सर्वर ठप होने के कारण किसानों को काफी इंतजार करना पड़ रहा था। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 28 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है।

### सिर्फ दो दिन का बचा समय

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने किसानों की सुविधा को देखते हुये रवि विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि बढ़ा दी है। किसान अब 10 मार्च तक समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करने अपना पंजीयन करा सकेंगे। जिसके लिए सिर्फ दो दिनों का समय बचा हुआ है। लेकिन सर्वर डाउन होने से कई किसानों को परेशानी हो रही है। गौरतलब है कि इसके पूर्व शासन द्वारा गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित की गई थी।

## नेत्रहीन छात्र की डूबने से मौत मामले में प्रभारी प्राचार्य को हटाया

▶ स्टडी टूर पर अमरकंटक में हुआ था हादसा, कलेक्टर ने जारी किया आदेश


घटना | शैक्षणिक भ्रमण के दौरान नर्मदा में नहाते समय हुआ हादसा
अमरकंटक में डूबने से दृष्टिबाधित छात्र की मौत

**नवभारत,जबलपुर।** अमरकंटक में स्टडी टूर के दौरान नेत्रहीन छात्र की डूबने से हुई मौत के मामले में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कार्रवाई करते हुए शासकीय राज्य अपंग कल्याण संस्थान के प्रभारी अधीक्षक शिवेन्द्र सिंह परिहार को उनके दो पदों से हटा दिया है। दरअसल 22 फरवरी को महाकौशल कॉलेज के एमए के छात्र शिरीष नामदेव (25) की अमरकंटक में टूर के दौरान डूबने से मौत हो गई थी। बताया गया कि शहर से कुछ दिव्यांग छात्रों को स्टडी टूर के नाम पर अमरकंटक ले जाया गया था, जहां यह हादसा हो गया।

घटना के बाद नेत्रहीन छात्रों ने प्रभारी अधीक्षक शिवेन्द्र सिंह परिहार पर आरोप लगाया था कि वे मनमानी करते हुए छात्रों को पिकनिक के लिए ले गए थे। परिहार शासकीय दृष्टिबाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य भी थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने उन्हें दोनों पदों से हटा दिया है। उनके स्थान पर व्याख्याता सुरेशचंद्र यादव को प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि शिवशंकर कपूर को आहरण-संवितरण का कार्य सौंपा गया है। वहीं अतुल लखेरा को प्रशासनिक वार्डन नियुक्त किया गया है।

## दफ्तरों के गलियारे

### ये कुर्सी पाना है टेढ़ी खीर



सूबे में रेलवे के सबसे बड़े कार्यालय में इन दिनों सबसे बड़ी गद्दी के लिए खींचतान साफ़ दिखाई दे रही है। जोन ऑफिस के गलियारों में इन दिनों एक ही सवाल लोगो के इर्द गिर्द घूम रहा है, कि आखिर अलगा मुखिया होगा कौन? दावेदारों ने खूब हाथ पैर चलाए, लेकिन दिल्ली ने अभी तक नाम पर मुहर नहीं लगाई है। हालात देख, अधिकारियों की माने तो इस एक कुर्सी के दावेदार कई मौजूद है और वो भी एक से बढ़कर एक धुरंधर, जो अगर खुद नहीं बैठे तो किसी और को भी बैठने आसानी से नहीं देंगे। इन सब पर दूर खड़े बाते सुन रहे जोन के बाबू ने आखिरकार बोल ही दिया, ये कुर्सी पाना है टेढ़ी खीर!

### यूनिवर्सिटी है या जंग का अखाड़ा



जिले के सबसे बड़े विश्वविद्यालय विगत दिनों से जंग का अखाड़ा बना हुआ है। हाल ही में एक विवि के विभागाध्यक्ष द्वारा महिला अतिथि शिक्षक को गाली देने का मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत कुलगुरु के समक्ष पहुंच चुकी है, यह मामला विश्वविद्यालय में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। देखा जाए तो विभागाध्यक्ष का इस तरह अतिथि शिक्षकों के प्रति दुर्व्यवहार विश्वविद्यालय की भी छवि धूमिल करने वाला है। विदित है कि इसके पहले भी एक छात्रा द्वारा अतिथि शिक्षक को थप्पड़ मारने का मामला उजागर हुआ था। इसको लेकर छात्रा ने स्पष्टीकरण देते हुए गलतफहमी का हवाला दिया है। अब देखना होगा कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस पर क्या एक्शन लेता है।

### आमजन पर कुर्की की कार्रवाई, सरकारी संस्थाओं से लग रहा डर.....



नगर निगम के टैक्स वसूली अभियान को जब गुंडा टैक्स की उपाधि आमजन द्वारा दे दी गई तो चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। अभी तक के नगर निगम जबलपुर के इतिहास में जो नहीं हुआ वो इस वर्ष हुआ। हुआ ये कि संपत्ति कर, जल कर, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन टैक्स वसूली में आसटसोर्स कंपनी के 40 से 50 कर्मचारियों का सहारा लिया गया जो कि टैक्स कलेक्टर के साथ अलग-अलग जगहों पर फील्ड पर नजर आ भी रहे हैं और घरों में टैक्स वसूली के लिए करदाताओं पर दबाव बनाते हुए भी नजर आ रहे हैं। इसके पहले टैक्स वसूली की जिम्मेदारी सिर्फ राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों तक ही सीमित रहती थी। ऐसे में करदाताओं का एक बड़ा समूह लाल बिल्डिंग के बड़े साहब से ये सवाल पूछ रहा है कि पमरे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ,विद्युत वितरण कंपनी, लोक निर्माण विभाग, आरडीवीवी, विक्टोरिया अस्पताल, एल्गिन अस्पताल, जेएनकेविवि सहित अन्य सरकारी संस्थाओं से बकाया सेवा शुल्क वसूलने में क्यों हिचकिचाहट हो रही है जबकि आमजन पर टैक्स जमा न करने पर कुर्की की कार्रवाई को आए दिन अंजाम दिया जा रहा है।

### अब होगा दूध का दूध और पानी का पानी



एक चर्चित मामले में सहायक उप निरीक्षक पर एक अधिवक्ता के पक्षकारों को छोड़ने के बदले 2 लाख रुपये की डिमांड का आरोप है। आरोप तो यहां तक लगे है कि पैसे देने से मना करने पर गुस्से में लाल साहब ने उन्हें छोड़ने के बजाय थाने में ही 5-6 घंटे तक बिठाए रखा। शायद साहब को लगा था कि घड़ी की सुइयां जैसे-जैसे टिक-टिक करेंगी, पक्षकारों का इरादा बदलेगा और नोटों की गड्डी बाहर आएगी लेकिन मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया जब पैसे देने के बजाय काले कोर्ट वाले ने सीधे कप्तान की चौखट पकड़ ली। अब मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है और रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिसिया गलियारों में चर्चा है कि मामला अब एसपी साहब के दरबार में है और जांच की आंच एएसआई तक पहुँच रही है। साहब ने सेटलमेंट की बिसात बिछाई या आरोप झूठे हैं जल्द ही दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

धनंजय श्रीवास्तव, अमन पटेल, विवेक दुबे, अजहर खान

## गला रेत महिला की हत्या, दुष्कर्म की आशंका, रानीताल के पास मिला रक्तरंजित शव





**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल ईदगाह के पास एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह रक्तरंजित शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम विशेषज्ञों ने मौका-ए-वारदात पर पहुंच कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। हत्या किसने और किन कारणों से की है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। मामले की छानबीन जारी है। साथ ही मृतिका की शिनाख्तगी के प्रयास भी जारी है।

जानकारी के मुताबिक रानीताल ईदगाह के पास भाजपा का संभागीय कार्यालय है। जिसके पीछे कचरा भी डंप किया जाता है। सुबह जब लोगों ने महिला का खून से सना शव देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सुबह 9 बजे सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू की। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। जिसने भी अहम साक्ष्य जुटाए। मृतिका के दाहिने हाथ की कलाई पर आर पी लिखा है। दिल का निशान भी बना है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### गर्दन-पेट में मिले घाव शूकरों ने भी किया हमला

कातिल ने बेरहमी से महिला की हत्या की है। आरोपित ने महिला की गर्दन और पेट पर धारदार हथियार से वार कर उसे मौत के घाट उतारा है। सुनसान इलाका होने के कारण शव को सुअरों ने भी बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया था। सुअरों के झुंड ने महिला के शरीर पर कई घाव किए है।

### कातिल-मृतिका अज्ञात

लॉर्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य के मुताबिक आरोपित और मृतिका दोनों फिलहाल अज्ञात है। मृतिका की उम्र लगभग 30 वर्षीय होगी। महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में दर्ज हुई गुमशुदगी की रिपोर्टों को भी खंगालने के साथ मिलान कर रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मृतिका और आरोपित की पहचान के प्रयास जारी है।

### हर एंगल पर जांच

कातिल करीबी हो सकता है। हत्या प्रेम प्रसंग या धोखे के चलते होने की आशंका जाहिर की जा रही है हालांकि पुलिस हर एंगल पर तफ्तीश कर रही है।

एफएसएल अधिकारी डॉ नीता जैन ने बताया कि महिला की हत्या की गई इसके साथ ही दुष्कर्म की भी संभावना है। पीएम व अन्य जांच रिपोर्ट मिलने के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

### साक्ष्य छिपाने झाड़ियों में छिपाई लाश

मारछल्ला कोरी 27 वर्ष निवासी सर्वोदयनगर गली नम्बर 6 के सामने अन्ना मोहल्ला रानीताल ने बताया कि सुबह लगभग 8 बजे वह रानीताल चौराहे तरफचाय पीने आया था, बीजेपी कार्यालय के आगे गमलों की दुकान झोपड़ी के पीछे झाड़ियों में गमले वालों की दुकान के सामने भीड़ लगी हुई थी, लोग आपस में चर्चा कर रहे थे कि झाड़ियों में अज्ञात महिला का शव पड़ा है वह झाड़ियों के पास जाकर देखा तो लाश पड़ी हुई थी। अज्ञात ने हत्या कर घटना को छुपाने के इरादे से शव को झाड़ियों में छिपा दिया था।

### उप मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों आगमन आज

**नवभारत,जबलपुर।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का आज प्रात:10 .30 बजे रीवा से जबलपुर आगमन होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल प्रात: 11 बजे भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के सत्र में वक्ता के रूप में उपस्थित होंगे। इसके बाद शाम 5 बजे सड़क मार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे। वहीं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का सुबह 10 बजे नरसिंहपुर जिले के ग्राम लोलरी से कार द्वारा जबलपुर आएंगे। इसके साथ ही राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह सुबह 10 बजे रानीताल स्थित पार्टी के संभागीय कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में शामिल होंगी तथा शाम 4 .30 बजे कार द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती सिंह रविवार शाम मैहर से कार द्वारा जबलपुर पहुंच चुकी है।






## तेज़ी से चल रहा तीसरी रेल लाइन का कार्य, 30 किमी के हिस्से का काम पूरा

मानिकपुर-इटारसी रेलखंड पर कम होगा दबाव

**जबलपुर, नवभारत।** यूपी-बिहार से पश्चिमी व दक्षिण भारत की ओर जाने के मुख्य रेल मार्ग प्रयागराज-जबलपुर-इटारसी रेलखंड के तीसरी लाइन मानिकपुर से इरादतगंज के बीच बिछाई जाने वाली तीसरी रेल लाइन के लिए डीजीपीएस मशीन से मैपिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। इस परियोजना के तहत नई रेल लाइन बिछाने की तैयारी की जा रही है। वहीं मानिकपुर सतना कटनी जबलपुर इटारसी के बीच तीसरी रेल लाइन प्रोजेक्ट को भी पीएम गति शक्ति योजना के तहत शीघ्र मंजूरी मिलने जा रही है उल्लेखनीय है कि प्रयागराज-मानिकपुर के बीच 84 किमी लंबी तीसरी रेल लाइन का रेलवे निर्माण करा रहा है। यह तीसरी रेल लाइन इरादतगंज-मानिकपुर से शुरू होकर जसरा, लोहगरा, शंकरगढ़ और डभौरा जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों से गुजरेगी।




### जसरा के पहले तक का कार्य पूरा

अब तक मानिकपुर से जसरा तक के पहले 30 किमी ट्रैक का काम पूरा हो चुका है। शेष 54 किमी जसरा वाया मानिकपुर के बीच में फाउंडेशन और सिग्नल के कार्य कराए जा रहे हैं। मानिकपुर इरादतगंज तक तीसरी लाइन बिछाने जमीन की नापजोख की जा रही है। फीते से जमीन नापजोख में गड़बड़ी की संभावनाएं रहती हैं। ऐसे में अब रेलवे डीजीपीएस मशीन इस नई रेल लाइन के लिए मैपिंग की जाएगी। यह तकनीक भू-भाग का सटीक डिजिटल डेटा एकत्र करने में सहायक होती है।

### इटारसी-मानिकपुर के बीच दबाव कम करना उद्देश

उल्लेखनीय है कि रेल मंत्रालय ने मानिकपुर और इटारसी के बीच तीसरी रेलवे लाइन के प्रस्ताव पिछले दिनों पीएम गति शक्ति योजना की बैठक में रखा, जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 518.53 किलोमीटर की दूरी तय करेगी इसमें चित्रकूट, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर और नर्मदापुरम जैसे जिलों से गुजरने वाली परियोजना का उद्देश्य भीड़भाड़ को कम करना, परिचालन क्षमता में सुधार करना और उत्तर-मध्य भारत के इस महत्वपूर्ण गलियारे पर बढ़ती यात्री और माल ढुलाई की मांग को पूरा करना है।






कुर्की | बड़े बकायादारों को तीन दिन का अल्टीमेटम, टैक्स बकायेदारों पर नगर निगम सख्त

## तीन संभागों में हुई कुर्की की कार्रवाई



**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर सभी संभागों में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार कौन नगर निगम के संभाग क्रमांक-10 द्वारा टैक्स वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। निगम की टीम ने शहीद भगत सिंह वार्ड और महर्षि सुदर्शन वार्ड के बड़े बकायेदारों के घरों पर अंतिम चेतावनी नोटिस चस्पा किए। जिसमें लक्ष्मण यादव 53,590/- एवं 39,432/-, चेतराम बंजारा 46,636/-, प्रेमवती झारिया 39,923/-, किशनलाल रजक 62,254/-, सूरज प्रसाद विनोदिया 49,104/-, बद्री प्रसाद साहू 34,949/- एवं कल्पना पाण्डेय 32,961/ के नाम थे। इतनी राशि। बकाया होने पर टीम ने 3 दिन का नोटिस चस्पा किया है।संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि इन सभी बकायेदारों को 3 दिन का समय दिया गया है। यदि इस अवधि के भीतर टैक्स जमा नहीं किया जाता है, तो नगर निगम नियमानुसार कुर्की की कार्यवाही शुरू कर देगा इसी प्रकार संभाग क्रमांक 06 के अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड में लंबे समय से बकाया टैक्स का भुगतान न करने वाले बकायादारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई गई है। बड़े बकायादारों जिनमें पुरुषोत्तम लाल साहू पर 39,359/-, देशराज सिंह भदोरिया पर 39,524/- एवं भीमलाल गुप्ता पर 33,252 बकाया होने पर कुर्की की कार्यवाही की गयी। संभाग क्रमांक 14 विजय नगर के अंतर्गत मोतीलाल वार्ड में साबरा बी पति मोहम्मद हकीम पता है- 445 गीता प्लाई के बाजू में रद्दी चौकी के पास जिसमें बकाया राशि 159594=00 है जिस पर कुर्की की कार्यवाही की गई।

### शिक्षक संघ टीईटी आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में करेगा रिव्यू पिटीशन दायर

**नवभारत,जबलपुर।** प्रांतीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के अयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 2 मार्च 2026 को जारी किए गए टीईटी परीक्षा आदेश के खिलाफ शिक्षक संघ सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल करेगा। प्रदेश अध्यक्ष मनोहर दुबे ने बताया कि वरिष्ठ वकीलों से सलाह लेने के बाद प्रदेश के शिक्षकों के हित में कानूनी कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। मनोहर दुबे ने कहा कि प्रांतीय शिक्षक संघ 2001-2003 के संविदा शिक्षकों के हितों के लिए पहले भी सुप्रीम कोर्ट और सरकार तक लड़ाई लड़ चुका है और अब पुन: सभी साथियों के हितों की रक्षा के लिए कानूनी संघर्ष करेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से एकजुट होकर सहयोग करने का आह्वान किया।









स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57